प्रेसनोट

थाना लहचूरा

दिनाँक 01.09.2024

चोरी की 04 बैट्री व अवैध असलहा-कारतूस के साथ 05 शातिर चोरों को थाना लहचूरा द्वारा गिरफ्तार किया गया

चोरी की घटित घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवं संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना लहचूरा पुलिस टीम द्वारा आज दिनाँक 01.09.0204 को थाना क्षेत्र ग्राम सिजारी खुर्द से 05 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 153/24 धारा 303(2) बीएनएस व 154/24 धारा 303(2) बीएनएस से संबन्धित चोरी की 04 बैट्री, 01 तमंचा 315 बोर व 01 कारतूस बरामद होने पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की गई। बरामद अवैध असलहा-कारतूस के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 155/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही करते हुए थाना बबीना पुलिस द्वारा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनाँक 29.08.2024 को आवेदक श्री रामकुमार कुशवाहा नि0 ग्राम सोनकपुरा व श्री अच्छेलाल नि0 ग्राम चकारा थाना लहचूरा झाँसी द्वारा ट्रैक्टर से बैटरी चोरी होने के संबन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 154/24 धारा 303(2) बीएनएस व 153/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। उक्त घटना के अनावरण हेतु थाना स्थानीय से टीम का गठन किया गया। दौराने चेकिंग व मुखबिर खास की सूचना पर घाट लहचूरा से सोनकपुरा जाने वाली सड़क पर 100 मीटर आगे झाड़ियों के पास से 05 अभियुक्तों को मय चोरी की बैट्रियों व तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त गण से पूछताछ करने पर ज्ञात हुया कि ये लोग गाँव में किसानों के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर/अन्य वाहन तथा गाँव/खेत में लगे सोलर उपक्रम से बैटरी निकाल कर अपने शौक पूरा करने हेतु चोरी करके बेचते हैं और घटना समय के अनुसार बदल-बदल कर करते हैं।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 153/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना लहचूरा झाँसी।
2. मु0अ0सं0 154/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना लहचूरा झाँसी।
3. मु0अ0सं0 155/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना लहचूरा झाँसी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम/पता-

1. नीकेश अहिरवार पुत्र शिवशंकर उम्र करीब 19 वर्ष नि0 ग्राम सोनकपुरा थाना लहचूरा झाँसी।
2. शीतल कुमार अहिरवार पुत्र शारदा प्रसाद उम्र 20 वर्ष नि0 ग्राम सोनकपुरा थाना लहचूरा झाँसी।
3. राघवेन्द्र वंशकार पुत्र फुन्दनलाल उम्र 21 वर्ष नि0 नि0 ग्राम सोनकपुरा थाना लहचूरा झाँसी।
4. मिथुन कुशवाहा पुत्र बच्ची लाल उम्र 20 वर्ष नि0 ग्राम सोनकपुरा थाना लहचूरा झाँसी।
5. हरिओम कोरी पुत्र मोतीलाल उम्र 26 वर्ष नि0 ग्राम धवाकर थाना लहचूरा झांसी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 श्री लाल सिंह थाना लहचूरा जिला झाँसी
2.उ0नि0 श्री विशाल राजपूत थाना लहचूरा जिला झाँसी

3.हे0का0 378 उदयभान सिंह थाना लहचूरा जिला झाँसी

4. का0 886 अनुराग शुक्ला थाना लहचूरा जिला झाँसी

5.का0 1318 प्रवीण कुमार थाना लहचूरा जिला झाँसी

6.का0 293 शरद कुमार थाना लहचूरा जिला झांसी